कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक–शिविरा–मा/माध्य/आदर्श वि/मॉनिटरिंग/2018–19/63 दिनांक 09/03/21

समस्त संभागीय संयुक्त निदेशक,
(स्कूल शिक्षा)।

अति–आवश्यक

समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं
पदेन जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा।

समस्त जिला शिक्षा अधिकारी
(मुख्यालय), माध्यमिक/प्रारंभिक शिक्षा।

विषयः– वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह–2020–21 के आयोजन के संबंध में।
प्रसंगः– इस कार्यालय के समसंख्यक पत्रांक–68 दिनांक 25.02.2021 के क्रम में।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत एवं प्रासंगिक पत्र के क्रम में लेख है कि राज्य सरकार की आदर्श एवं उत्कृष्ट विद्यालय योजनान्तर्गत चयनित विद्यालयों, माध्यमिक शिक्षा एवं प्रारंभिक शिक्षा के चयनित विद्यालयों, स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कूल एवं चयनित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों (सूची संलग्न) के विद्यार्थियों को सत्र–पर्यन्त विद्यालय की शैक्षिक एवं सह–शैक्षिक गतिविधियों में उनके श्रेष्ठ प्रदर्शन एवं उपलब्धियों से प्रोत्साहित करने एवं अभिभावकों की विद्यालय के साथ सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह–2021 का आयोजन 20 मार्च, 2021 तक करवाए जाने हेतु निर्देशित किया गया था।

उक्त के संबंध में पुनः निर्देशित किया जाता है कि वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह–2021 का आयोजन पूर्व में निर्धारित 20 मार्च, 2021 के स्थान पर 31 मार्च, 2021 तक आवश्यक रूप से सम्पादित करवाया जाना सुनिश्चित करें। साथ ही कतिपय स्त्रोतों से यह संज्ञान में आया है कि कुछ संस्था प्रधानों द्वारा अपने क्षेत्र से संबंधित कुछ जनप्रतिनिधियों, गणमान्य व्यक्तियों, प्रशासनिक अधिकारियों, भामाशाहों, दानदाताओं, क्षेत्रीय कम्पनी के प्रबंधकों, सीएसआर हेड, एसडीएमसी/एसएमसी सदस्यों, विद्यालय के सफल पूर्व छात्रों इत्यादि को वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह में आमंत्रित नहीं किया जा रहा है, जबकि उक्त के संबंध में इस कार्यालय के प्रासंगिक पत्र दिनांक 25.02.2021 द्वारा जारी दिशा–निर्देशों में स्पष्ट रूप से पालना हेतु लिखा गया था।

अतः पुनः निर्देशित किया जाता है कि उक्त समारोह आयोजन के संबंध में जारी दिशा–निर्देशों की अक्षरशः पालना सुनिश्चित करें, अन्यथा की स्थिति में दायित्व निर्धारित करते हुए विभागीय कार्यवाही प्रस्तावित कर दी जावेगी। शेष नियम एवं शर्तें पूर्व में ज़ारी दिशा–निर्देशों के अनुसार यथावत रहेगी।

इसे सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करें।

संलग्नः– उपर्युक्तानुसार

(सौरभ स्वामी)
आई.ए.एस.
निदेशक
प्रारंभिक एवं माध्यमिक शिक्षा,
राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक–शिविरा–मा/माध्य/आदर्श वि/मॉनिटरिंग/2018–19/63 दिनांक 09/03/21

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग, राजस्थान, जयपुर।
2. निजी सचिव, आयुक्त, स्कूल शिक्षा एवं राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् सह विशिष्ट शासन सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग, राजस्थान, जयपुर।
3. राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा एवं अति.आयुक्त, रास्कूलशिप., जयपुर।
4. निदेशक, प्रारंभिक शिक्षा एवं पंचायती राज (प्रारंभिक शिक्षा), राजस्थान, बीकानेर।
5. शासन उप सचिव, शिक्षा (ग्रुप–1/2/5)/प्रारंभिक शिक्षा (संस्थापन)/प्रारंभिक शिक्षा (आयोजना), राजस्थान, जयपुर।
6. अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक–प्रथम/द्वितीय, रा.स्कूल शि.प.,जयपुर।
7. समस्त उपायुक्त, रा.स्कूल शि.प.,जयपुर।
8. समस्त अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा ।
9. समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं पदेन बी.आर.सी.एफ., समग्र शिक्षा ।
10. समस्त पदेन पंचायत प्रारंभिक शिक्षाधिकारी (पीईईओ)/सीआरसीएफ तथा संस्था प्रधान।

11. समस्त शहरी संकुल संदर्भ केन्द्र प्रभारी (सीआरसीएफ)/शहरी संकुल प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी (UCEEO) तथा संस्था प्रधान।
12. **समस्त जिला प्रभारी, कार्यालय हाजा को प्रेषित कर लेख है कि वे प्रभारित जिले के प्रभारी के रूप में जिला स्तरीय अधिकारियों से सम्पर्क एवं समन्वय स्थापित कर जिला क्षेत्राधिकार के उक्तानुसार चयनित समस्त विद्यालयों में समारोह आयोजन तथा आयोजन की सूचना शाला दर्पण पोर्टल पर प्रविष्ट करवाये जाने की सुनिश्चितता हेतु ब्लॉक/जिला स्तरीय अधिकारियों का सतत् प्रबोधन एवं यथावश्यक सम्बलन प्रदान करें, साथ ही अपने प्रभारित जिले में आयोजित होने वाले उक्त समारोह में से किसी एक आयोजन में अधोहस्ताक्षरकर्ता की अनुमति उपरांत भाग लेना सुनिश्चित करते हुए सम्बलन प्रदान करेंगे।**
13. उपनिदेशक, शाला दर्पण, रा.स्कूल शि.प.,जयपुर एवं सहायक निदेशक, शाला दर्पण प्रकोष्ठ, कार्यालय हाजा।
14. प्रभारी अधिकारी, आदर्श एवं उत्कृष्ट विद्यालय प्रकोष्ठ, रास्कूलशिप., जयपुर।
15. प्रभारी अधिकारी, सी.एस.आर.प्रकोष्ठ, कार्यालय हाजा।
16. सिस्टम ऐनालिस्ट, कम्प्यूटर अनुभाग, कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
17. स्टाफ ऑफिसर, माध्यमिक/प्रारंभिक शिक्षा, राज0, बीकानेर।
18. रक्षित पत्रावली।

निदेशक
माध्यमिक शिक्षा,राजस्थान,
बीकानेर।